**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 5603**

**Series : SS-April/2021**

*रोल नं०* [ | | | | | | | | | | ]

***SET : D***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

## भाग – II

**(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग–II** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **40** हैं।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii)* ***सभी*** *प्रश्नों के अंक उनके सामने दर्शाए गए हैं।*

***निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :***

**1.** 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' कविता के रचयिता कौन हैं ? 1

(क) हरिवंश राय बच्चन (ख) गजानन माधव मुक्तिबोध

(ग) कुँवर नारायण (घ) महादेवी वर्मा

**2.** किसके बच्चे प्रत्याशा में होंगे ? 1

(क) कवि के (ख) पंथी के

(ग) चिड़िया के (घ) लेखक के

**3.** दूरदर्शन वाले किसकी संवेदना से खिलवाड़ करते हैं ? 1

(क) दर्शकों की (ख) कैमरामैन की

(ग) अपाहिज की (घ) कर्मचारियों की



https://www.haryanaboard.com/

**4.** 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में किस शैली का प्रयोग हुआ है ? 1

(क) वर्णनात्मक शैली (ख) विवेचनात्मक शैली
(ग) नाटकीय शैली (घ) प्रतीकात्मक शैली

**5.** 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में गरीबी को कैसा बताया गया है ? 1

(क) शर्मीली (ख) गरबीली
(ग) लचीली (घ) दुखभरी

**6.** 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि कहाँ लापता होना चाहता है ? 1

(क) आकाश में (ख) वायु में
(ग) बादलों में (घ) अंधेरी गुफाओं में

**7.** ममता के बादल कैसे हैं ? 1

(क) प्रेम के (ख) आंधी के
(ग) वर्षा के (घ) गर्जना के

**8.** 'राख से लीपा चौका' किस भाव को व्यक्त करता है ? 1

(क) परम्परा (ख) पवित्रता
(ग) पोषकता (घ) पात्रता

**9.** बहुत काली सिल जरा से लाल केसर से कि जैसे धुल गई हो, में भाव है : 1

(क) निर्मलता का (ख) सहजता का
(ग) सरलता का (घ) तरलता का

**10.** उषा का जादू किसके उदय होने पर टूटता है ? 1

(क) चन्द्रमा के (ख) तारों के
(ग) सूर्य के (घ) कवि के

**11.** 'लक्ष्मण-मूर्च्छा और राम का विलाप' में किस रस का प्रयोग है ? 1

(क) वीर रस (ख) वात्सल्य रस
(ग) शांत रस (घ) करुण रस



https://www.haryanaboard.com/

**12.** कवि फिराक गोरखपुरी अपनी ग़ज़लों को किनके प्रति समर्पित करते हैं ? 1

(क) मिर्ज़ा गालिब (ख) मीर

(ग) गुलामअली (घ) सुल्तानपुरी

**13.** फिराक किसपर सदके जाता है ? 1

(क) मीत की आवाज़ (ख) मन की आवाज़

(ग) प्रेम की आवाज़ (घ) शायरी की आवाज़

**14.** चूरन बेचने वाले भक्त जी कैसे व्यक्ति थे ? 1

(क) बेचैन (ख) सन्तोषी

(ग) निर्दयी (घ) परिश्रमी

**15.** इन्दरसेना का दूसरा नाम क्या था ? 1

(क) बन्दर मण्डली (ख) भालू मण्डली

(ग) मेंढक मण्डली (घ) शेर मण्डली

**16.** लेखक (धर्मवीर भारती) ने किस विषय में पढ़ाई की थी ? 1

(क) अंग्रेजी (ख) विज्ञान

(ग) गणित (घ) हिन्दी

**17.** अन्धविश्वासों के कारण भारत किससे पिछड़ गया ? 1

(क) अंग्रेजों से (ख) पाकिस्तानियों से

(ग) खुद से (घ) चीन से

**18.** लुट्टन सिंह किसे अपना गुरू मानता था ? 1

(क) ढोलक को (ख) राजा को

(ग) गाँव वालों को (घ) स्वयं को



https://www.haryanaboard.com/

**19.** चाँदसिंह कहाँ का रहने वाला था ? 1

(क) हरियाणा (ख) पंजाब

(ग) उत्तर प्रदेश (घ) राजस्थान

**20.** लुट्टन के कितने बेटे थे ? 1

(क) एक (ख) दो

(ग) तीन (घ) चार

**21.** क्या चीज हिन्दोस्तां पाकिस्तान की एकता का मेवा है ? 1

(क) सेब (ख) केला

(ग) कीनू (घ) आम

**22.** कस्टम अधिकारी सुनीलदास गुप्त ने अपना वतन किसे बताया है ? 1

(क) पाकिस्तान (ख) भारत

(ग) दिल्ली (घ) ढाका

**23.** 'हमारा वतन तो जी लाहौर ही है' यह कथन किसका है ? 1

(क) सिख बीबी (ख) कस्टम अधिकारी

(ग) सफ़िया (घ) लेखिका

**24.** निम्नलिखित में से किसे लेखक ने काल्पनिक जगत की वस्तु कहा है ? 1

(क) जातिप्रथा (ख) समता

(ग) विषमता (घ) श्रम विभाजन

**25.** आधुनिक सभ्य समाज कार्यकुशलता के लिए किसे आवश्यक मानता है ? 1

(क) जातिप्रथा को (ख) श्रम विभाजन को

(ग) समता को (घ) दूध-पानी को

**26.** अम्बेडकर ने भाई-चारे के वास्तविक रूप को किसके मिश्रण की भाँति बताया है ? 1

(क) दूध-पानी (ख) दूध-दही

(ग) दूध-चाय (घ) पानी-दूध



https://www.haryanaboard.com/

**27.** समाचार लेखक के लिए कितने ककार आवश्यक हैं ? 1

(क) तीन (ख) चार

(ग) पाँच (घ) छः

**28.** संवाददाताओं को रुचि और ज्ञान को ध्यान में रखकर उनके काम के विभाजन को क्या कहते हैं ? 1

(क) सीट (ख) नीट

(ग) बीट (घ) रिपिट

**29.** आधुनिक माध्यमों में सबसे पुराना माध्यम है : 1

(क) अखबार (ख) सिनेमा

(ग) रेडियो (घ) इंटरनेट

**30.** समाचार-पत्र की आत्मा किसे कहते हैं ? 1

(क) सम्पादकीय पृष्ठ (ख) राजनीतिक पृष्ठ

(ग) खेल पृष्ठ (घ) व्यापार पृष्ठ

**31.** जहाँ एक शब्द एक से अधिक बार आए पर उसके अर्थ अलग-अलग हों, वह है : 1

(क) श्लेष अलंकार (ख) यमक अलंकार

(ग) उपमा अलंकार (घ) अनुप्रास अलंकार

**32.** 'पीपर पात सरिस मन डोला' में अलंकार है : 1

(क) उत्प्रेक्षा (ख) मानवीकरण

(ग) यमक (घ) उपमा

**33.** उपमा अलंकार के कितने अंग होते हैं ? 1

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच



https://www.haryanaboard.com/

**34.** सुख-दुख का समास विग्रह होगा : 1

(क) सुख में दुख

(ख) सुख का दुख

(ग) सुख ही दुख

(घ) सुख और दुख

**35.** जिस समास में दोनों पद समान रूप से प्रधान हों, वह है : 1

(क) कर्मधारय

(ख) द्वंद्व

(ग) द्विगु

(घ) बहुव्रीहि

**36.** 'रेल पर चलने वाली गाड़ी' का सामासिक शब्द होगा : 1

(क) रेल पर गाड़ी

(ख) रेल में गाड़ी

(ग) रेलगाड़ी

(घ) रेल वाली गाड़ी

**37.** मनः + स्थिति की सन्धि होगी : 1

(क) मनोस्थिति

(ख) मन की स्थिति

(ग) मनस्थिति

(घ) मनसिथि

**38.** संयम का सन्धि विच्छेद होगा : 1

(क) स + यम

(ख) सम + वम

(ग) सम् + यम

(घ) स + यम

**39.** शुद्ध वाक्य छाँटिए : 1

(क) लड़की आँख से कानी है

(ख) लड़की कानी आँख से है

(ग) लड़की कानी है

(घ) लड़की की आँख कानी है



https://www.haryanaboard.com/

**40.** शुद्ध वाक्य छाँटिए : 1

(क) मोहन को काटकर फल खिलाओ

(ख) मोहन को फल काटकर खिलाओ

(ग) फल खिलाओ मोहन को काटकर

(घ) काटकर फल मोहन को खिलाओ



https://www.haryanaboard.com/